समाज विकास

मूल्य : १० रुपये, वार्षिक : १०० रुपये

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

1935-2010

▸ अक्टूबर २०१० ▸ वर्ष ६० ▸ अंक १०

कौस्तुभ जयंती समारोह

"मारवाड़ी समाज देश की गरीबी दूर करने में योगदान दें"

राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटील का आह्वान

कौस्तुभ जयंती समारोह को सम्बोधित करती हुई महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील, मंचस्थ हैं प० बंगाल के राज्यपाल श्री एम.के. नारायणन, श्री देवी सिंह शेखावत, प.बंगाल के मंत्री श्री नरेन दे, सांसद श्री सुदीप बंदोपाध्याय, पोस्ट मास्टर जेनरल श्री शरित कुमार चक्रवर्ती, सम्मेलन सभापति श्री नन्दलाल रुँगटा, कौस्तुभ जयंती समिति के चैयरमेन एवं पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार।

"भारत की औद्योगिक प्रगति में मारवाड़ी समाज का योगदान स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा" –राज्यपाल नारायणन

"कोलकाता मारवाड़ियों का दूसरा अपना घर"–सुदीप बंदोपाध्याय

"मारवाड़ी जहां बसे वहीं समरस हो गये"–नन्दलाल रुँगटा

"राष्ट्रपति जी हमें आप पर नाज है, क्योंकि आप मारवाड़ी समाज की बहू हैं"–सीताराम शर्मा

WONDER GROUP

wonder images

one city. one machine. one colour.

Wonder Images
PVT. LTD.

Wonder Images is a ISO 9001 : 2008 certified company with focus on printing for indoor and outdoor advertising across flex, P/E and PVC mediums with printing capacity of 100,000 sq.ft per day.

We have Five state of the art printing machines.(HP UV 2300, HP XLJET 1500, VUTEK 3360, HP LATEX L 65500 & HP Designjet 5500 PS)

Indoor & Outdoor SOLUTIONS

- Front-lit-flex
- Back-lit-flex
- Woven P/E
- Self Adhesive vinyl
- Building wrap
- One way vision
- Vehicle / fleet graphics
- Floor and wall graphics
- Reflective Signage
- Frosted vinyl
- Canvas
- Translite
- Photo realistic poster paper
- Mesh, Tyek, Yupo

only 1 in eastern India to expertise in printing on woven P/E

Hundreds of colours & media for Indoors

5 State-of-the-art printing machine

Eastern India's Largest Outdoor Printers.

Contact Us:

Amit: 09830425990
Email: amit@wondergroup.in

Works:
Tangra Industrial Estate- II
(Bengal Pottery Compound)
45, Radhanath Chowdhury Road. Kolkata – 700 015
Tel: 033 2329 8891-92

समाज विकास

✦अक्टूबर २०१० ✦वर्ष ६० ✦अंक १० ✦एक प्रति–१० रु. ✦वार्षिक–१०० रु.

अनुक्रमणिका

क्रमांक	पृष्ठ संख्या
अपनी बात – शम्भु चौधरी	४
अध्यक्षीय – नन्दलाल रुँगटा	५
समाज में सहनशीलता का बढ़ता अभाव – सीताराम शर्मा	६
भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील का अभिभाषण	७–९
कौस्तुभ जयंती समारोह की सम्पूर्ण रपट :	
भारतीय डाक विभाग ने जारी किया विशेष पोस्टल कवर	१०
मारवाड़ी जहाँ भी गये, वहीं समस हो गये – नन्दलाल रुँगटा	१०
राष्ट्रपति जी हमें आप पर विशेष नाज है, क्योंकि आप..... – सीताराम शर्मा	११
दो करोड़ रु. का उच्च शिक्षा कोष बनायेगा सम्मेलन	१२
बंगाल में जो मारवाड़ी रहते हैं वे कोलकाता को ..... – सुदीप बंदोपाध्याय	१३
मारवाड़ी एक बहुत सशक्त सामर्थ्यवान, शक्तिमान, बुद्धिमान समाज है – राष्ट्रपति	१६
महामहिम ने जो पथ हमें दिखाया है वो समाज के लिए ..... – रामअवतार पोद्दार	२४
कला मंदिर में जैसे उमड़ा पूरा मारवाड़ी समाज	२७
कोलकाता मारवाड़ियों का प्राकृतिक गृह है – राज्यपाल एम. के. नारायणन	२९
विहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन	
नव सौन्दर्यीकृत एवं आधुनिक कार्यालय कक्ष का उद्घाटन	३०
पटना में अग्रसेन महाराज की मूर्ति स्थापित हो – कमल नोपानी	३१
सम्मेलन के नये आजीवन सदस्यों की सूची	३२
सम्मेलन के नये विशिष्ट सदस्यों की सूची	३४
कविता : जैसा खोजा वैसा पाया – परशुराम तोदी 'पारस'	३४
व्यंग्य दोहे – परशुराम तोदी 'पारस'	३४
युगपथ चरण :	
श्री रामकृष्ण जनकल्याण समिति के सेवा कार्य	३५
हिन्दी विद्यापीठ में धरती पुत्र को श्रद्धांजलि	३५
अखिल भारतीय समिति के सदस्यों की सूचना	३६
डॉ. तारालक्ष्मण गहलोत को मिला लाखोटिया पुरस्कार	३७

स्वत्वाधिकारी :

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ✦ १५२बी, महात्मा गाँधी रोड, कोलकाता–७००००७

फोन : ०३३–२२६८ ०३१९ ✦ E-mail: samajvikas@gmail.com

के लिए श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा

ऐभल प्रिंटर्स प्रा.लि., ४५बी, राजाराम मोहन राय सरणी, कोलकाता–७००००९ में मुद्रित

✦संपादक : नंदकिशोर जालान ✦ कार्यकारी संपादक : शंभु चौधरी

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

अपनी बात

दीपावली की शुभकामनाएँ



- शंभु चौधरी

नक्सलवाद पर लिखी मेरी एक कविता से आज आपको दीपावली की शुभकामनाएँ देना चाहता हूँ।

एक परिंदा घर पर आया, फर्राया-चहकाया..
मैं आजाद.., मैं आजाद.., मैं आजाद..,
मैं सोचा यह क्या कहता है? हँसता है या रोता है।
मुझको गाली देता है या अपना दु:ख यह कहता है।

सर्वप्रथम हमें आतंकवाद को व्याखित करना होगा, खुद की जमीं पर रहकर अपने हक की लड़ाई लड़ना आतंकवाद नहीं हो सकता चाहे वह कश्मीर की समस्या ही क्यों न हो, लेकिन को कुछ ईस्लामिक धार्मिक संगठनों ने धर्म को आधार मानते हुए सारी दुनिया में आतंकवाद फैला दिया, पाक प्रायोजित तालिबानियों द्वारा धर्म को जिहाद बताया उनलोगों ने न सिर्फ़ कश्मीर समस्या को उलझाया। भारत, पाकिस्तान और बंग्लादेश सहित विश्व के अनेक देशों के भीतर आतंकवाद को देखने का एक अलग नजरिया प्रदान कर दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि आज विश्व में हर तरफ यह प्रश्न उठता है कि आखिर एशिया महाद्वीप में ही आतंकवाद क्यों पैदा हो रहा, सारे विश्व के अपराधियों का सुरक्षा केन्द्र बनता जा रहा है यह महाद्वीप।

संभवत: भारत विश्व में एक मात्र देश होगा जो लगातार आज़ादी के बाद से इस समस्या से झूझता आ रहा है। 9/11 की घटना यदि अमेरीका की जगह भारत में हुई होती तो शायद अमेरिका, तालिबानियों का सफाया कभी नहीं करती। कारण स्पष्ट है अमेरिका को किसी बात का दर्द तभी होता है जबतक वह खुद इस दर्द को न सह ले। इसी प्रकार भारत में नक्सलवाद का काफी तेजी से विकास हुआ खासकर आदिवासी इलाकों में जहाँ हम अभी तक विकास, शिक्षा, चिकित्सा जैसी मूलभूत जरूरतों को भी नहीं पहुँचा पाये। हमने उनके घर (वन, वनिस्पत, खनिज, पर्वत, जंगल आदि) को सरकारी समझा और उनको उस जगह से बेदखलकर उन्हें जानवर का जीवन जीने को मजबूर करते रहे। जब इन लोगों को कुछ लोगों ने बगावत का पाठ पढ़ाया तो ये देश के लिये गले की फांस बन गई। आपको सबसे पहले यह समझना होगा कि आखिर समस्या क्या है, सिर्फ हथियार उठा लेने से आतंकवाद हो जाता तो भारत स्वतंत्रता आन्दोलन के हजारों शहीद को भी हमें आतंकवाद कहना होगा। इसमें कोई शक नहीं नक्सलवाद को कुछ लोगों ने इसे सरकारी ताकतों को नुकशान पहुँचाने के नाम से बेकसूर जनता को भी काफी हानी पहुँचाई जिसका लाभ लेकर सरकारी ताकतों ने सेना को इस मैदान पर उतार दिया है। जो किसी भी दृष्टिकोण से न तो उन्हें सही ठहराया जा सकता है ना ही इसे।

हम अपनी दीपावली के दीये उन आदिवासी के साथ जलाना पसंद करेंगे जिन्हें सरकार नक्सलवादी समझती है। माना कि सरकार पर देश की सुरक्षा का भार है। परन्तु एक को सुरक्षा देने के नाप पर दूसरे का घर ही उजाड़ दिया जाय यह सुरक्षा नहीं हो सकती।

आप सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ।

अध्यक्षीय

'वसुधैव कुटुम्बकम्'



- नन्दलाल रूँगटा, राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

दीपावली के उत्सव को हमने फिजूलखर्ची का त्योहार बना दिया है, एक रात में हम करोड़ो रुपयों का पटाका, आतिशबाजी जला डालते हैं।

हर वर्ष दीपावली की रात कई लोगों को सरकार गिरफ्तार भी करती रही है, जिनमें अधिकांशतः मारवाड़ी समाज के लोग रहते हैं। समाज के लोगों से सम्मेलन नम्र निवेदन करना चाहती है कि हम दीपावली के अवसर पर माँ लक्ष्मी की आराधना करते हैं, होली और दीपावली के अवसर पर बड़ों का आशीर्वाद ग्रहण करते हैं, हम अपने सुख-समृद्धि की मनोकामना ईश्वर से करते हैं ऐसे समय परिवार के किसी भी सदस्य को यदि कोई क्षति हो या हमारे धन का वैभव प्रदर्शन हो जिससे हमारा समाज किसी अन्य समाज की मनःस्थिति को नासमझी में खुद का मनोरंजन करता हो, हमें इस भावना का त्याग करना होगा।

हमारा देश विभिन्नता में एकता के लिये जाना और पहचाना जाता है, विशाल हृदय वाली संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम्' भारतीय संस्कृति का मूल तत्व है।

हमारी इस संस्कृति, पूरव में जहाँ बिहु नृत्य से नई फसल का स्वागत किया जाता है तो दक्षिण में ओनम का त्योहार हम मनाते हैं, इसी प्रकार महाराष्ट्र में गणपति बप्पा मोरया, उड़ीसा में भगवान जगन्नाथ की यात्रा, बंगाल में दुर्गा पूजा, गुजरात में डांडिया, पंजाब में दशहरा, बिहार-यू.पी. की छठ पूजा एवं राजस्थान की दीपावली जिसे सारे देशभर में मनाई जाती है हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है।

परन्तु जिस प्रकार सारे त्योहार हम मनाते हैं इनमें और दीपावली के उत्सव को हमने फिजूलखर्ची का त्योहार बना दिया है, एक रात में हम करोड़ो रुपयों का पटाका, आतिशबाजी जला डालते हैं।

हर वर्ष दीपावली की रात कई लोगों को सरकार गिरफ्तार भी करती रही है, जिनमें अधिकांशतः मारवाड़ी समाज के लोग रहते हैं। समाज के लोगों से सम्मेलन नम्र निवेदन करना चाहती है कि हम दीपावली के अवसर पर माँ लक्ष्मी की आराधना करते हैं, होली और दीपावली के अवसर पर बड़ों का आशीर्वाद ग्रहण करते हैं, हम अपने सुख-समृद्धि की मनोकामना ईश्वर से करते हैं ऐसे समय परिवार के किसी भी सदस्य को यदि कोई क्षति हो या हमारे धन का वैभव प्रदर्शन हो जिससे हमारा समाज किसी अन्य समाज की मन:स्थिति को नासमझी में खुद का मनोरंजन करता हो, हमें इस भावना का त्याग करना होगा।

हमें यह स्वीकार करना चाहिये कि इस आतिशबाजी से समाज का कोई लाभ नहीं, ना ही यह किसी भी तरह से हमारे त्योहार का कोई हिस्सा जिसे ना करने से हमारे देवी-देवताओं की आराधना पूरी नहीं होती हो। हम समाज से यह अनुरोध करना चाहते हैं कि आईये इस बार की दीपावली हम अन्य सालों की तरह ही अधिक उत्साह के साथ मनायें, दीप जलायें, मिठाईयाँ बांटें, आवाज रहित पटाके भी कम मात्रा में (सिर्फ रोशनी वाले) छोड़े। हमारे समाज की रोशनी से सभी समाज का भला हो ऐसी मंगल कामना करें। इसी मनोकामना के साथ आप सभी को

हमारी तरफ से दीपावली की शुभकामनाएँ।

समाज में सहनशीलता का बढ़ता अभाव



-सीताराम शर्मा

घर-घर में विवाद, बढ़ते तलाक, टूटते परिवार, ईर्ष्या, डिप्रेसन सभी भौतिक सुखों के बावजूद जीवन में आनन्द की कमी, सभी से शिकायत अपने आप से, लोगों से, परिस्थिति से, मैं-मेरा-मेरी या तू-तेरा-तेरी, धैर्य की कमी, जीवन से असंतोष, सब पर संदेह यह सब आज के समाज की कहानी है और इन सबके पीछे जो एकमात्र सबसे बड़ा सामाजिक कारण है वह है सहनशीलता का बढ़ता अभाव।

जीवन में दु:ख आते हैं, उन्हें सहना सहज नहीं है। हम अपने भाई एवं पड़ोसी के सुखों को भी सहन नहीं कर पाते। **अगर आपकी ईश्वर में आस्था है तो यदि आपके जीवन में दु:ख आ रहा है तो खुश हो जाओ।** कारण दु:ख भगवान का ही बेजा हुआ अग्रदूत है-यह बताते के लिए कि पीछे बहुत कीमती भेंट आ रही है। प्रह्लाद, देवकी, भरत, विभीषण आदि के जीवन बताते हैं कि भयानक दु:खों से गुजरने के बाद ही उन्हें भगवत् प्राप्ति संभव हो पाई थी।

मनुष्य सारी जिन्दगी लड़ता है अपनी परिस्थितियों को सुधारने के लिए। काश ! थोड़ा प्रयास वह अपनी प्रवृति एवं प्रवति सुधारने ने लिए करता। जो आदमी सब कुछ स्वीकार कर सके वहीं समझदार है। शिकायत का भाव तो रखना ही नहीं चाहिए। लोगों से शिकायत रखने वाला लोगों में अप्रिय हो जाता है एवं अपने आपसे शिकायत रखने का वाला आत्मघाती होता है। संतोष का पाठ सबसे बड़ा पाठ है।

जीवन में सम्मान, प्यार, धन एवं सफलता का मिलना कभी-कभी उस व्यक्ति की सबसे कीमती चीज विवेक को उससे हर लेता है। यह कठिन है लेकिन जीवन में असम्मान, अपमान, निर्धनता तथा असफलता को स्वीकार करके ही व्यक्ति अपनी विवेक-निधि को सुरक्षित रख सकता है।

जिन्दगी महज चार कदम की यात्रा है। हर व्यक्ति अतृप्त है। हर व्यक्ति असुरक्षा की भावना से ग्रस्त है। वह तृप्ति एवं सुरक्षा संसार में खोज रहा है-यही उसका अज्ञान है। तृप्ति अंदर है।

''कस्तूरी कुंडल बसे, मृग ढूंढ़े जग मांही''

संतोषी व्यक्ति को अपनी संपत्ति हर समय बढ़ती नजर आती है। जैसे-जैसे आदमी के मन का संयम कम होता है, वैसे-वैसे वह दूसरों में दोष देखने लगता है। जो अपने-आप को सुधारने के काम में लगा है वह सही पुरुषार्थी है। दुनिया की दया पर जीवन नहीं चलता है। जीवन चलता है अपनी बुद्धि से, अपने पुरुषार्थ से।

''देख पराई चोपड़ी मत ललचाये जो।
रूखी-सुखी खाये के ठंडा पानी पी।।''

क्या बिडम्बना है कि एक तरफ जहां धार्मिक अनुष्ठानों, प्रवचनों, सतसंगों में एक बाढ़ की सी वृद्धि हो रही है। मंदिरों में भक्तों की भीड़ में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। साधु-सन्तों के प्रवचन आये दिन हो रहे हैं। टी.वी. में **आस्था** एवं **संस्कार** जैसे चैनेल लोकप्रियता की नई ऊंचाईयां हासिल कर रहे हैं। रामायण, महाभारत, हनुमान जैसे सीरियल बारहों महीने चौबीस घण्टे चल रहे हैं यह इस बात का द्योतक है कि मनुष्य जीवन में शांति एवं सहारा खोज रहा है। लेकिन इसका प्रभाव दिख नहीं रहा है। मनुष्य और अधिक स्वार्थी, अहंकारी, असहनशील, असंतोषी बनता जा रहा है।

अपना प्रयत्न सर्वोपरि है। बुद्धिमान व्यक्ति के कार्य, दूसरों के कार्य पर निर्भर नहीं रहते। सात्विकी बुद्धि मिल गई तो बस सब कुछ मिल गया। संसारी संसार सागर में डुबकी लगाकर तो आह-आह ही करते रहेंगे। हर आदमी को अपनी यात्रा खुद करनी होती है। कोई साथ नहीं देगा। कुछ साथ नहीं जायेगा। जो आदमी अपने को उठाने की कोशिश करता है वह गिरता भी है यह प्रयास ही तो जीवन को सार्थक बनायेगा। स्वामी विवेकानन्द ने यही कहा था।

संतोष मन में हो तो बूंद में समुद्र समाया है और असंतोष हो तो समुद्र भी बूंद जैसा लगता है। संत कबीरदास ने कहा है :-

चाह गयी चिंता मिटी मनवा बेपरवाह।
जिसको कुछ न चाहिए यो है शाहंशाह।।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का कौस्तुभ जयंती समारोह

भारत की महामहिम राष्ट्रपति
श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील का
अभिभाषण

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री एम.के. नारायणन, डा. शेखावत साहब, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभापति श्री नन्दलाल जी रुँगटा, प. बंगाल के कृषि मंत्री श्री नरेन दे, सांसद श्री सुदीप बंद्योपाध्याय, जो आपके साथ मुझे निमंत्रण देने आये थे, श्री सीताराम शर्मा, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्री शरित कुमार जी चक्रवर्ती, श्री रामअवतार जी पोद्दार, देवियों और सज्जनों। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के समय आयोजित इस कौस्तुभ जयंती समारोह में आपके साथ शामिल होने पर मुझे बहुत खुशी हो रही है। और आपके सबके मुख पर हंसी और आनन्द देखकर मेरी खुशी चौगुना हो गई है।

इस सम्मेलन की स्थापना 1935 में हुई थी और इसका लक्ष्य मारवाड़ी समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक तथा शैक्षिक उन्नति के लिए प्रयास करना था। यह देखकर संतोष का अनुभव होता है कि आज सम्मेलन बदलते समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए संयुक्त परिवार, बुजुर्गों का सम्मान जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी कार्य कर रहा है।

कोलकाता शहर के विकास में मारवाड़ी समाज की खास भूमिका रही है। उन्होंने लगभग 400 वर्ष पूर्व इस शहर को अपने उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया था।

"स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस समाज के युवकों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बढ़-चढ़कर मदद की। इस कार्य में श्री जमनालाल बजाज और श्री घनश्यामदास जी बिड़ला, इनके जैसे व्यक्तियों ने जो योगदान दिया वो भला कौन भूल सकता है। यही नहीं, इस समाज ने युद्ध, बाढ़, भूकंप, अकाल तथा अन्य आपदाओं के समय भी विपत्तिग्रस्त लोगों की सहायता में बहुत बड़ा योगदान दिया है, कार्य किया है।"

अपनी ऊर्जा, संघर्ष की क्षमता, अपनी निष्ठा तथा ईमानदारी के बल पर उन्होंने न केवल कोलकाता बल्कि पूरे देश में अपना कारोबार फैला दिया। यही नहीं, धीरे-धीरे उन्होंने पूरे देश के दूर-दराज के इलाकों में जाकर वहां अपना उद्योग-व्यापार शुरू कर दिया और वहां बस गये और इतनी अच्छी तरह से बस गये जैसे कि यहां बताया गया कि दूध में शक्कर मिलाई जाती है तो दूध मीठा हो जाता है शक्कर नहीं दिखती है उसका स्वाद बदल जाता है। इस प्रकार आज मारवाड़ी समाज देश के कोने-कोने तक फैला हुआ है और वहीं की मिट्टी में रचा-बसा नजर आता है। इन्होंने न केवल धन अर्जित किया वरन् राष्ट्र की सेवा के लिए कई सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन भी खड़े किये। और यह आपका संगठन बहुत बड़ा है, कई राज्यों में इसकी शाखाएं है और बड़ी निष्ठापूर्वक काम कर रहा है। मैं आपको बधाई देना चाहती हूं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस समाज के युवकों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की बढ़-चढ़कर मदद की। इस कार्य में श्री जमनालाल बजाज और श्री घनश्यामदास जी बिड़ला, इनके जैसे व्यक्तियों ने जो योगदान दिया वो भला कौन भूल सकता है। यही नहीं, इस समाज ने युद्ध, बाढ़, भूकंप, अकाल तथा अन्य आपदाओं के समय भी विपत्तिग्रस्त लोगों की सहायता में बहुत बड़ा योगदान दिया है, कार्य किया है।

कहा जाता है कि अच्छी पढ़ाई दीर्घकालिक निवेश है जो परिवार और देश दोनों की उन्नति के लिए बहुत जरूरी है। इस दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मारवाड़ी समाज भी तकनीकी शिक्षा, कला, संस्कृति, शोध, चिकित्सा आदि अनेक क्षेत्र में जरूरतमंद उम्मीदवारों को आर्थिक सहायता देना, यह भी बहुत बड़ा काम रहा है। यह खुशी की बात है कि सम्मेलन द्वारा छात्रों की उच्च विशिष्ट शिक्षा के लिए उच्च शिक्षा कोष स्थापित किया जा रहा है। भारत में जनशक्ति का विपुल भंडार है, परन्तु उनके प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए प्रयास अपेक्षित हैं। मैं आपको इसमें सफल चाहती हूं और बधाई देती हूं कि यह अच्छा कार्य आपका बहुत ही कारगर रहेगा। मारवाड़ी समाज को उद्यमियों के प्रशिक्षण के लिए भी कार्य करना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन सदैव की भांति इसी तरह सामाजिक और धर्मार्थ कार्यों में हिस्सा लेता रहेगा।

आज यह समाज प्रमुख रूप से उद्योग और व्यापार तथा कारोबार में लगा हुआ है। देश के आर्थिक विकास में इस समाज को सदैव की भांति महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। वैश्वीकरण ने आज व्यापार के क्षेत्र में स्पर्धा को व्यापक बना दिया है, जिसके कारण अब हमारे उद्योगों और कारोबारों को दूसरे देशों की संस्थाओं से मुकाबला करना होगा। ऐसे परिवेश में,जहां नई-नई तकनीकों तथा कौशल का विकास जरूरी है, वहीं यह और भी जरूरी है कि कारोबार में नैतिकता का समावेश

किया जाये। इसी तरह वैश्वीकरण की चुनौती के समक्ष हमें अपने समाज का तानाबाना भी महफूज रखना है। आर्थिक प्रगति में आर्थिक असमानता सबसे बड़ी चुनौती है। यह जरूरी है कि आर्थिक विकास का लाभ सभी को मिले और **सर्वजन हिताय सुखाय** की भावना के अनुरूप समाज में समानता की स्थापना हो। यह एक बहुत सशक्त, सामर्थ्यवान, शक्तिमान, बुद्धिमान समाज है। यह अपने विशेष सामर्थ्य के जरिए, इसे इस्तेमाल करके हमारे देश की गरीबी दूर करने में सहायता करेंगे। राष्ट्र की प्रगति के लिए यह बहुत आवश्यक है। कुछ ऐसी योजनाएं बनायें जिससे सीधा-सीधा गरीबों को लाभ हो सके।

मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भी समाज और राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़कर-चढ़कर हिस्सा लिया है। हमारी यहां बहनें बैठी हुई हैं मैं इनको बधाई देना चाहती हूं। मुझे बताया गया है कि सम्मेलन द्वारा महिलाओं के विकास के लिए कई कार्यक्रम शुरू किये गये हैं। मैं समझती हूं कि नारी सशक्तीकरण देश के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है और मैं हमेशा जैसे कहती हूं कि कोई भी रथ दो पहियों पर चलता है। तो कोई भी समाज, दो पहियों पर जो चलता है एक उसका पहिया पुरुष है, एक स्त्री है। अगर स्त्री को कमजोर रखा जाये, उसको शिक्षा न दी जाये, हर तरह से उसको अज्ञानी व कमजोर बनाकर रखा जाये तो हमारे समाज का रथ और देश का रथ आगे नहीं बढ़ पायेगा। इसलिए जरूरी है कि दोनों ही सशक्त हों, सामर्थ्यवान हों। ताकि कोई भी समाज की प्रगति या देश की प्रगति, उस देश की महिलाओं की क्या प्रगति हुई है यह देखकर आगे बढ़े। इसलिए बहुत जरूरी है कि ये महिलाएं आगे बढ़ें।

''सम्मेलन की उपलब्धियों पर नजर डालने से मालूम होता है कि समाज ने महिलाओं की शिक्षा के प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य, विधवा-विवाह आदि के साथ-साथ सामाजिक समरसता स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया है। यह बहुत अच्छी बात है। इसके साथ ही समाज ने दहेज प्रथा की बुराई को समाप्त करने का भी प्रयास किया है।''

महिलाएं सशक्त होंगी तो देश भी शक्तिशाली होगा। सम्मेलन की उपलब्धियों पर नजर डालने से मालूम होता है कि समाज ने महिलाओं की शिक्षा के प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य, विधवा-विवाह आदि के साथ-साथ सामाजिक समरसता स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया है। यह बहुत अच्छी बात है। इसके साथ ही समाज ने दहेज प्रथा की बुराई को समाप्त करने का भी प्रयास किया है।

भारत विभिन्नता में एकता रखने वाला देश है। यहां विभिन्न जाति, धर्म, सम्प्रदाय और भाषाओं के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। यही विशेषता भारत को दुनिया के अन्य देशों से अलग बनाती है। और इस सम्प्रदाय को, इस हमारे देश को इसी प्रकार रखना यह हमारी जिम्मेदारी है। मारवाड़ी समाज अनेकता में एकता का एक विशिष्ट उदाहरण है। मुझे विश्वास है कि समाज अपने ध्येय वाक्य, जो यहां बताया गया - **म्हारो लक्ष्य-राष्ट्र री प्रगति** के अनुसार समाज सुधार, समरसता, राष्ट्रीय विकास तथा राष्ट्रीय एकता के साथ अपने इन सब प्रयासों को निरंतर जारी रखेगा। आप सबको बधाई देने, आप सबका उत्साह बढ़ाने, आप सबके दर्शन करने और आपके काम की सराहना करने मैं यहां आई हूं।

आज आपके बीच पधार कर मुझे विशेष हर्ष हो रहा है। राजस्थान से जुड़े हुए संबंधों से विशेष हर्ष होना स्वाभाविक है।

कौस्तुभ जयंती के अवसर पर आप सभी को एक बार फिर मैं बधाई देना चाहती हूं। मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।

धन्यवाद,

जय हिन्द।

कौस्तुभ जयंती समारोह की सम्पूर्ण रपट

भारतीय डाक विभाग ने जारी किया विशेष पोस्टल कवर

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के कौस्तुभ जयंती समारोह के अवसर पर भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी किये गये विशेष पोस्टल कवर की प्रथम प्रति महामहिम राष्ट्रपति को भेंट करते प० बंगाल के राज्यपाल श्री एम. के. नारायणन । साथ में हैं सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा एवं श्री देवी सिंह शेखावत ।

मारवाड़ी जहाँ भी गये, वहीं समरस हो गये- नन्दलाल रुँगटा

राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

संचालनकर्ता श्री संजय हरलालका - कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष एवं कौस्तुभ जयन्ती समिति के चेयरमैन श्री सीताराम शर्मा को स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित करता हूं।

श्री सीताराम शर्मा-महामहिम राष्ट्रपति जी, माननीय राज्यपाल जी और हमारे लिए एक सुखद आश्चर्य श्री देवीसिंहजी शेखावत, जो हमारे बीच पधारे हैं। माननीय सांसद श्री सुदीप बन्द्योपाध्याय जी, माननीय मंत्री श्री नरेन दे जी, चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्री चक्रवर्ती जी, अध्यक्ष महोदय, महामंत्री, अन्य पदाधिकारीगण, भाईयों और बहन। आज का दिन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया जायेगा। देश की राष्ट्रपति विशेषकर प्रथम महिला राष्ट्रपति के रूप में प्रत्येक भारतीय को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह जी पाटील पर नाज है, गर्व है। किन्तु हम मारवाड़ियों को विशेष गर्व है। क्योंकि आप हमारे राजस्थान की बहू हैं। यह संयोग की बात है कि सम्मेलन की हीरक जयन्ती पर पधारे तत्कालीन राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा राजस्थान के जमाई थे। जैसा कि आप जानते हैं कि उनकी आदरणीय पत्नी विमला जी जयपुर से हैं। मैं आप सभी की ओर से राष्ट्रपति जी का हार्दिक स्वागत करता हूं। कौस्तुभ जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रपति

कौस्तुभ जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रगान के दौरान महामहिम राष्ट्रपति, प० बंगाल के राज्यपाल श्री एम. के. नारायणन, सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा, कौस्तुभ जयंती समिति के चैयरमेन एवं पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा, श्री देवी सिंह शेखावत, प.बंगाल के मंत्री श्री नरेन दे, सांसद श्री सुदीप बंदोपाध्याय, पोस्ट मास्टर जेनरल श्री शरित कुमार चक्रवर्ती एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार।

'राष्ट्रपति जी हमें आप पर नाज हैं, क्योंकि आप मारवाड़ी समाज की बहू हैं'-सीताराम शर्मा

को पाकर हम अभिभूत हुए हैं, मैं इस मौके पर पधारे माननीय राज्यपाल श्री एम.के. नारायणन का हार्दिक स्वागत करता हूं, जिन्होंने थोड़े समय में ही राज्य की जनता के बीच बेहद लोकप्रियता प्राप्त की है। प. बंगाल सरकार के मंत्री आदरणीय श्री नरेन दे जी हमारे बीच उपस्थित हैं, हम उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। स्थानीय एवं लोकप्रिय सांसद श्री सुदीप बंद्योपाध्याय जी, जिनका बहुत बड़ा सहयोग और समर्थन इस कार्य के लिए मिला, उनका मैं स्वागत करता हूं और स्वागत करता हूं चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्री शरित कुमार चक्रवर्ती का, जो आज भारतीय पोस्ट विभाग की ओर से एक स्पेशल कवर जारी करेंगे और स्वागत करता हूं आप सभी का। समाज सुधार और समरसता का पहला नारा 1947 में सम्मेलन के सभापति स्वर्गीय बृजलाल बियानी ने छठें अधिवेशन में बम्बई में दिया था। उन्होंने कहा था-''अब समय आ गया है सम्मेलन सामाजिक सुधार के काम में तत्परता से लग जाये। मारवाड़ी भाई जहां रहते हैं, वहां की जनता से समरस हो जायें।'' मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना के उपरान्त सात दशकों में यह एक अभूतपूर्व परिवर्तन घटा है। खुली अर्थव्यवस्था एवं उदारीकरण एक ओर जहां नये अवसर प्रदान कर रहे हैं, वही बढ़ती तीव्र प्रतिस्पर्धा नयी चुनौतियां दे रहा है। बाजार व्यवस्था के



महामहिम राष्ट्रपति को सम्मेलन की गतिविधियों से अवगत कराते राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा।

'दो करोड़ रु. का उच्च शिक्षा कोष बनायेगा सम्मेलन'

चलते न केवल राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय संबंधों में बल्कि सामाजिक जीवन में भी अर्थ का बोलबाला बढ़ गया है। अर्थ के बढ़ते महत्व ने गंभीर सामाजिक समस्याओं को खड़ा किया है। हालांकि हमारे समाज में पैसा सदैव ही कुछ ज्यादा बोलता आया है। 1953 में सप्तम अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष सेठ गोविन्ददास ने कहा था-''ऐसा लगता है आज प्रत्येक व्यक्ति धन के पीछे दीवाना हो गया है और इस प्रयास में है कि कैसे एक साथ धनी बन जाये। हमें टका धर्म को अलविदा करना है।'' यह बात 1953 में कही गयी है। आज धन का प्रदर्शन, आडम्बर एवं दिखावा समाज के सम्मुख एक बड़ी समस्या है। मारवाड़ी सम्मेलन समाज के सम्मुख इन चुनौतियों के निराकरण के लिए विचार मंच प्रदान करती है। समाज में तेजी से बदलाव आया है। अनेक परिवर्तन हुए हैं। कुछ शुभ, कुछ अशुभ। समाज सुधार की दिशा में निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप समाज काफी सीमा तक पुरानी सामाजिक रूढ़ियों के बंधन से मुक्त हुआ है। लेकिन अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरूतियों के जाल से हम सम्पूर्ण रूप से मुक्त नहीं हो पाये हैं, विशेषकर नारी समाज राष्ट्रपति जी। आज हमारे घर की लड़कियां एवं बहुएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं प्रेम विवाह एवं अन्तरजातीय विवाह पर बातचीत करती है। यह सब आज बहुत सहज और स्वाभाविक लगता है। लेकिन कुछ वर्षों पूर्व तक ऐसा नहीं था। इस परिवर्तन के लिए समाज ने, सम्मेलन ने एक लम्बी लड़ाई लड़ी है। पर्दा प्रथा के विरूद्ध आन्दोलन किये हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने जाकर लाठियां खायी हैं। आजकल तो जब मैं महिलाओं की बैठकों में जाता हूं तो कहता हूं कि थोड़ा पर्दा किया करो। बालिका शिक्षा के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया किन्तु नारी समाज को आज भी अत्याचार एवं प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। आज भी दहेज के नाम पर बहुओं को जलाया जाता है। विधवाओं को आज भी सामाजिक तिरस्कार का सामना करना पड़ता है।

सामाजिक नैतिक मूल्यों में लगातार गिरावट आयी है। मारवाड़ी समाज अपनी जिन खूबियों के लिए जाना जाता है, उन्हें खो रहा है। संचय की प्रकृति का ह्रास हुआ है। दिखावा एवं प्रदर्शन बढ़ रहा है। परिवार टूट रहे हैं। अनुशासन का अभाव, बढ़ते तलाक, टूटते विवाह आदि सामाजिक प्रश्नों पर सम्मेलन चिंतित एवं क्रियाशील है। गांधीजी बराबर कहा करते थे कि सामाजिक क्रान्ति का काम एक राजनैतिक क्रान्ति की अपेक्षा कई गुणा अधिक जटिल एवं कठिन है। मेरी मान्यता है कि मारवाड़ी सम्मेलन को विचार मंच से आगे बढ़कर एक सक्रिय

महामहिम राष्ट्रपति को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते कौस्तुभ जयंती समिति के चैयरमेन एवं पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा।

बंगाल में जो मारवाड़ी रहते हैं वे कोलकाता को अपना ही दूसरा घर समझते हैं - सुदीप बंदोपाध्याय

वैचारिक आन्दोलन का रूप लेना चाहिए। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति जी का महत्वपूर्ण एवं विचारोत्तेजक सम्बोधन सम्मेलन के समाज सुधार, समरसता एवं राष्ट्रीय एकता के कार्यक्रमों को नई प्रेरणा प्रदान करेगा।

संचालनकर्त्ता- अब हम सभी की ओर से महामहिम राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भेंट करेंगे निवर्तमान अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ।

संचालनकर्ता-माननीय राज्यपाल जी को स्मृति चिन्ह भेंट करेंगे कोषाध्यक्ष श्री आत्माराम सोंथलिया।

संचालनकर्ता-आदरणीय श्री देवी सिंह जी शेखावत को स्मृति चिन्ह भेंट करेंगे महामंत्री श्री राम अवतार पोद्दार।

संचालनकर्ता-माननीय मंत्री श्री नरेन दे जी को स्मृति चिन्ह भेंट करेंगे श्री ओमप्रकाश पोद्दार।

संचालनकर्ता- सांसद श्री सुदीप बंद्योपाध्याय को स्मृति चिन्ह करेंगे श्री कैलाशपति तोदी।

संचालनकर्ता- अब मैं आमंत्रित करता हूं चीफ पोस्ट मास्टर जनरल श्री एस.के. चकव्रर्ती को, वे स्पेशल कवर का संक्षिप्त परिचय दें और इसके पश्चात् माननीय राज्यपाल जी स्पेशल कवर जारी कर महामहिम राष्ट्रपति जी को प्रथम प्रति भेंट करेंगे।

श्री एस.के. चकव्रर्ती- Her Excellency President of India, His Ecellency Governor of West Bengal other dignitaries on the dais and Ladies and Gentlemen. Â India Post as you know, through its medium of Philately commemorates anything that is a matter of the Pride for the country. The contributions of the Marwari Sammelan in the field of social reforms is well known to all of us. For such an institution Â India Post would have like to commemorate their Platinum Jubilee year through the issue of a commemorative Postage Stamp, but the technicalities of bringing out a commemo-

श्री देवीसिंह शेखावत को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते राष्ट्रीय महामंत्री श्री रामअवतार पोद्दार।

साहब, हमारे लोकप्रिय सांसद सुदीप दा, कौस्तुभ जयन्ती के चेयरमैन, महामंत्री, सभागार में उपस्थित देवियों और सज्जनों, विभिन्न प्रान्तों से आये हुए मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यकर्तागण, प्रिन्ट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के बंधुगण। आज हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि आज हमारे बीच हमारी महामहिम पधारी हैं और आपके आने से हमारा मान और उत्साह बढ़ा है। हममें नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। और मुझे पूर्ण आशा है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की जिन उद्देश्यों के लिए स्थापना हुई थी उसमें हम ज्यादा कारागर



प. बंगाल के राज्यपाल श्री एम.के. नारायणन को प्रतीक चिन्ह प्रदान हुए करते राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री आत्माराम सोंथलिया।

रूप से कार्य करेंगे और उद्देश्य की मूल प्राप्ति करेंगे।

जैसा कि आप जानते हैं कि अ.भा.मा.स. की स्थापना 1935 में समाज के उन मनीषियों द्वारा हुई थी जिन्होंने समाज सुधार, समाज की एकता, राष्ट्रीय एकता के बारे में सोचा था। जैसा कि आप जानते हैं कि हमारा जो लोगो है, हमारा जो मूल उद्देश्य है, वह है- **म्हारो लक्ष्य राष्ट्र री प्रगति** और इस उद्देश्य के साथ में इस सम्मेलन की स्थापना हुई थी। विगत 75 वर्षों में समाज के बहुत से मनीषियों ने इसे अपनी सेवा से सिंचित किया और आज किसी भी संस्था के लिए बहुत हर्ष की बात है कि उन्होंने 75 वर्ष पूरा किया। जैसा कि सीताराम जी ने बताया कि हमारा समाज सुधार एक निरन्तर प्रतिक्रिया

rative stamp is so elaborate that it couldnot be done within a short notice. In such cases India Post brings out the SPECIAL COVER. for which the process is less complicated. Today on behalf of India Post I express my gratitude to the All India Marwari Federation for giving us an opportunity to be part of this historic occasion by choosing to commemorate this event through the issue of a SPECIAL COVER. Thank You All.

तत्पश्चात राज्यपाल श्री एम.के. नारायणन ने विशेष पोस्टल कवर को जारी कर प्रथम प्रति महामहिम राष्ट्रपति को सौंपी।

संचालनकर्ता-सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नन्दलाल रुँगटा अध्यक्षीय भाषण के लिए आमंत्रित हैं।

श्री नन्दलाल रुँगटा-भारत की राष्ट्रपति महामहिम परम आदरणीय श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह जी पाटील, माननीय श्री नारायणन साहब, आदरणीय श्री देवी सिंह जी शेखावत, प. बंग सरकार के माननीय मंत्री श्री नरेन दे



प. बंगाल के कृषि मंत्री श्री नरेन दे को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री ओम प्रकाश पोद्दार।

किया। महाराष्ट्र गये तो गणेशजी की पूजा की हमने। इस प्रकार हम जहां गये वहां के हो गये। लेकिन साथ में हमने अपनी सभ्यता और अपनी संस्कृति को भी अक्षुण्ण रखा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस प्रकार हम आगे बढ़ते रहेंगे। एक बात नारी शिक्षा के लिए। मुझे बहुत खुशी है यह बोलते हुए कि एक जमाना था कि मारवाड़ी समाज को यह समझा जाता था कि केवल बनियाओं का समाज है, यह खाली पैसा कमाने वालों का समाज है। लेकिन महामहिम जी, आज एक ऐसा समय है कि भारतवर्ष का ऐसा है, जहां एक जमाने में बाल विवाह और विधवा विवाह की दिक्कतें थीं, जहां पर बच्चियों को पढ़ाया नहीं जाता था, अब समय के साथ में समस्या बदलती चली गई। आज हमारे सामने में चिंता है तो टूटते परिवारों की, बिखरते रिश्तों की, तलाक की और फिजूलखर्ची की। पर मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप के आर्शीवाद से और आप सभी के सहयोग से जो भी समस्या समाज के सामने आती है तो समाज उसको जरूर दूर करता है। जैसा कि कहा जाता है- **जहां न जाये, बैलगाड़ी, वहां जाये मारवाड़ी।** इस कहावत का एक ही मतलब है कि हममें इन्टरप्रेन्योरशिप है। हम समय के साथ में अपने को बदलते हैं और यही एक कारण है कि हम भारतवर्ष ही नहीं, विदेशों में भी जहां-जहां भी गये हम वहां के हो गये। क्योंकि जिस प्रकार दूध में शक्कर दूध की मिठास को बढ़ाता है। हम भी हर जगह जाकर वहां पर अपने को आत्मसात् करते हैं, हम वहां पर घुल-मिल जाते हैं और हम वहां के लोगों की सेवा करते हैं। भारतवर्ष का ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहां पर मारवाड़ी समाज ने तन-मन और धन से सेवा न की हो। हम जहां भी गये वहां के होकर रहे। अगर हम बंगाल आये तो हमने दुर्गापूजा मनाना शुरु किया, हमने बंगला भाषा बोलना शुरू किया। हम उड़ीसा गये तो उड़िया भाषा बोलना शुरु किये, हमनें भगवान जगन्नाथ को मानना शुरु

सांसद श्री सुदीप बंदोपाध्याय को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते श्री कैलाशपति तोदी।

कोई भी क्षेत्र नहीं है, वो भले शैक्षणिक क्षेत्र हो, वो खेलकूद का क्षेत्र हो, कला संस्कृति का क्षेत्र हो, जिसमें कि हमारे समाज के व्यक्तियों ने सिरमौर स्थान नहीं प्राप्त किया हो, यह हमारे लिए गर्व की बात है। लेकिन साथ में हमें आगे और भी बहुत कुछ करना है। उच्च शिक्षा के लिए आपके पदार्पण से हमलोग प्रेरित होकर मारवाड़ी सम्मेलन ने यह निश्चय किया है कि एक कम से कम दो करोड़ रुपये का हम महा शिक्षा कोष बनाया जाय। जिससे कि समाज के मेधावी और निर्धन छात्रों को हम सहयोग दे सकें और मुझे पूरी उम्मीद है कि आज इस हॉल में इतने भामाशाह बैठे हैं कि जब मैं इस हॉल से बाहर निकलूंगा तो मुझे दो करोड़ रुपये राशि की घोषणा अपने आप हो जायेगी। एक बात और है कि हम अपनी कला-संस्कृति को बढ़ाना चाहते हैं। हमनें राजस्थानी

मंचस्थ अतिथि व पदाधिकारी। संचालन करते राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री संजय हरलालका।

मारवाड़ी एक बहुत सशक्त, सामर्थ्यवान, शक्तिमान, बुद्धिमान समाज है-राष्ट्रपति

भाषा और साहित्य का भी प्रचार - प्रसार किया है। और मुझे यह बताते हुए हर्ष होता है कि मेरे स्वर्गीय पिता श्री सीताराम जी रूंगटा की स्मृति में एक पुरस्कार हर साल वैसे लेखक को दिया जाता है, जो राजस्थानी भाषा और साहित्य की श्री वृद्धि करते हैं। हमारी चेष्टा रहती है कि केवल राजस्थानी भाषा ही नहीं बल्कि बाकी भाषाओं के ऐसे लेखकों को भी सम्मान देते हैं जो कि राजस्थान के साहित्य और कला के बारे में लिखते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारा जो समाज है, आपके आर्शीवाद से, आप सबों के सहयोग से सदा आगे बढ़ेगा। और मैं अपनी बात समाप्त करूं, इससे पहले मैं एक बात बोलना चाहता हूं कि हमें गर्व है कि हम भारतीय हैं, हमें गर्व है कि हम मारवाड़ी हैं, जय समाज जय भारत।

संचालनकर्ता-अब मैं लोकप्रिय सांसद श्री सुदीप बंदोपाध्याय से अपना वक्तव्य व्यक्त करने का अनुरोध करता हूं।

सुदीप बंद्योपाध्याय- HE Smt. Pratibha devi patil, president of india, Honourable governer sri m.k. narayanan, governer of W.Bengal, Sri Ram Avatar Poddr ji, Sri Nandlal Rungta ji, Sri Sitaram Sharmaji, Sri Devi singh Sekhawat ji, sri Naren de ji and other friend & deligates। मैं तो शुरूआत में कहूंगा कि सीताराम शर्मा जी ने कहा था कि राष्ट्रपति देश का पहला राष्ट्रपति है, जो एक औरत है, और देश कौन-कौन चलाता है-एक तो राष्ट्रपति जी, महामहिम सबसे ऊंचा पद पर है। दूसरा स्थान पर जिन्होंने है वो देश को चलाने के लिए बहुत अच्छा responsibility लेकर काम करता है वो है सोनिया गांधी है, वो भी

औरत है। तीन- हमारे देश के जो स्पीकर हैं मीरा कुमार जी, जो लोकसभा को शान्त रखने का कोशिश करती हैं वो भी औरत है और राष्ट्रपतिजी कोलकाता पधारने के बाद जिनका प्रोग्राम में होकर यहां आये हैं, रेल मंत्रक का, उनका मंत्री ममता बनर्जी हैं और उन्होंने भी एक औरत है। लेकिन one third reservation of women in parliamentarial politics वास्तवायिक नहीं हुआ। आज मारवाड़ी फेडरेशन के बारे में रुँगटाजी जब कहते थे we feel proud that we have marwaries as india, I also believe that this marwari community believe on the principle of secularism, on the principles of communal harmony & on the principle of the unity of the country. आमरा तो सेई देशे बास कोरी, जे देशे गान गाय - हिन्दू, बौद्ध, सिख, जैन आर फारसी, मुसलमान भाई। आमरा सेई कथा बोली - नाना भाषा, नाना मत, नाना परिधान, विविधेर माझे देखो मिलन महान। we are believers of the slogan, that this community delivers on the principle of unity in deversity. Marwari communities conference it is a dias where are not less than her excelling president यहां मौजूद है। हम लोग चिन्तित हैं देशवासी, आज के दो दिन बाद बाबरी मस्जिद घटना के उपर अदालत का judgement आयेगा। सारे देशवासियों से इस मंच से मैं हम लोग यह वार्ता देना चाहते हैं कि अदालत का जो राय निकले, हर religion का लोग जात-पात का उपर उठकर यह राय को मान लेना और देश की शान्ति को बनाये रखने के लिए हर कदम उठाने की कोशिश करना। We are concern with jammu and kashmir problem. Everyday it is burning। दो दिन पहले श्री चिदम्बरम जी के नेतृत्व पर एक सारे देश का All party deligation गये थे। हम All india marwadi federation के मंच से यह विश्वास करूँगा, यह प्रत्याशा करुँगा कि जम्मू एवं कश्मीर में भी जल्द से जल्द शान्ति लौट आये। पाकिस्तान कभी न कोशिश करे कि हमारे देश में कदम उठाना। जम्मू कश्मीर की शान्ति को भंग करने तथा वहां की peacefull स्थिति को नष्ट करने का। मैं बहुत खुश हूं कि education के बारे में रूंगटा जी दो करोड़ रुपये का अनुदान के लिए आता है। This is a city kolkata, from where I am the member of parliament & other part Mamta banerjee is the member of parliament. We two are there from the city of kolkata. Marwary community is the community who are very peace loving community it is my firm conviction that they believe if you donot disturb them, they will not go to disturb anybody else। देश का अर्थनीति को मजबूत करने के लिए To make india in economy standait, I proudly believe marwari community has a greater & better role to play. I also believe by responding Sri rungtaji's comments, when he go to orissa, we become the lords bhakt of jagganath, when he go to maharastra गणपति बाप्पा का हो जाता है। लेकिन by faith यह विश्वास करता हूं कि कोलकाता शहर में, बंगाल में जो मारवाड़ी रहते हैं वे कोलकाता को अपना ही दूसरा घर, second home के रूप में देखते हैं। This kolkata city have become the second home of the group of marwari. They love bengal। यह हमारे लिए दुख की बात है कि after independence eastern zone is the worst sufferer of the regoilism balances. on the which W.B. is talking the list. So will have to develoment then war. Marwari federation is going to take a decision for a development od W.Bengal. We want a change। मां, जमीन और आसमान की नारा पर आज हमलोगों को एक बंगाल का अर्थनीति का स्थिति को इतना मजबूत करना होगा कि बंगाल भी महाराष्ट्र के साथ, आन्ध्र प्रदेश के साथ, चाहे गुजरात के साथ एक साथ कदम आगे ले जा सकता है और कोलकाता शहर हमें ऐसा शहर बनाना चाहिए, जिस शहर का रूप लंदन की तरह दिखना चाहिए। क्योंकि हम लोग जानते हैं कोलकाता शहर में एक नदी बहता है गंगा नदी। हम लोग तो नारा देते हैं कि हम उस देश का वासी है जिस देश में गंगा





History of India's Modern Industrial Revolution is written the role and contribution of the Marwari Community will be written in Letters of Gold.

-Governor of W.B.

बहती है। तो यह गंगा तो हमारे कोलकाता शहर के बीच में बहती है। उसके सौंदर्यीकरण, इसके संस्कार, जो गंगा प्रदूषण हो जाता है, दूषित हो जाता है। मैं ALL INDIA MARWARI FEDERATION से अनुरोध करुँगा कि सरकार किसी तरह से यह गंगा को संस्कार मुक्त करने के लिए, यह गंगा को पूरी तरह से सौंदर्यीकरण करने के लिए, यह गंगा को Develop करने के लिए, जब आप कोई कदम उठायेंगे। आप हर मारवाड़ी लोग गंगा को सेवा करना, गंगा को दूषण मुक्त करना भी देश को सेवा करने का एक जरूरी कदम के साथ शामिल हो सकता है ALL INDIA MARWARI FEDERATION। मैं ज्यादा बातें नहीं कहूंगा। राष्ट्रपति जी महामहिम यहां से राजभवन जायेंगी वहां भी सबसे पहला Appointment के साथ भी मेरा नाम जुड़ा हुआ है। CHAMBER OF COMMERCE TEXTILE & TRADE INDUSTRY, वहां भी हम राष्ट्रपति जी से कुछ बात कर लेंगे। हम लोग बहुत खुश हूं। हम लोग जब राष्ट्रपति जी से मिलने गये थे मैं All india marwari federation के delegation को ले गये थे तो उन्होंने इतना प्यार से, चाहे बंगाल के बारे में, राजस्थान के बारे में इतना सुन्दर मारवाड़ी Community के बारे में, इतना ध्यान से सुने थे। और बताये थे कि मैं कोशिश करूंगी। लेकिन हमलोग यह निश्चिंत रूप से आये थे कि राष्ट्रपति जी कभी निराश नहीं करेंगी। इस All india marwari federation को और she will come. we are honour madam by your presence. Your presense has made us enthused at a very crucial juncture when country is going to face whether it is Jammu and Kashmir whether it is Babri Masjid judgement or whether in other issues your great presence and the message to the nation the opportunities which we are getting I think will take full opportunities of that and your message can make India more powerful, your message can make India more peaceful and we can stay together to make this India uphold .Madam you know Mahamati Gokhale Of Maharashtra , He said , What Bengal thinks today India thinks Tomorrow. आज बंगला जो सोचता है कल देश **वो सोचेंगे। मेरा यह** भरोसा है यह बंगाल, अगले **दिनों में सारे देश** को पथ दिखायेंगे जो सारे देश को **यह बंगाल से** देखकर अनुशरण करेंगे। आपको फिर **एक बार स्वागत**, आपको प्रणाम और आज सब **लोगों को भी प्रणाम**, नमस्कार।

संचालनकर्ता-हम आभारी हैं माननीय राज्यपालजी के, उनकी **सादर उपस्थिति** के लिए, मैं वक्तव्य प्रस्तुत करने के **लिए उनसे** सादर अनुरोध करता हूं।

श्री एम. के. नारायणन-Respected Rashtrapatiji, Dr. Devi Singh Shekhavatji, Honorable Minister for Agriculture Naren De ji, President of the All India Marwari Federation Rungtaji, Chairman of the Celebration Committee. S.R.Sharmaji, H. P. Kanodiaji, Vice President of the All India Marwari Federation, R. A. Poddarji General Secretary All India Marwari Federation, Mr. Chakraborty. Chief Post Master General. I think there is a Conspiracy by the Marwari Federation, they have juxtaposed me between the outstanding speech that Sudip Bandopadhyayji has made and of course the speech that we all wished to listen to and hear Rastrapatiji but I have realized that if you are a Governor, you have no choice, you just do what you are ordered to do. Its very difficult for me, for most of my life I was telling other people to do what they should do, so I think

कौस्तुभ जयन्ती समारोह की सचित्र झलकियां



कला मंदिर में महामहिम राष्ट्रपति की अगवानी करते सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्दलाल रुँगटा, कौस्तुभ जयंती समिति के चैयरमेन एवं पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामअवतार पोद्दार।

कला मंदिर के प्रवेश द्वार पर राष्ट्रपति के स्वागत के लिए खड़े संस्था के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।



सम्मेलन के पदाधिकारियों के साथ कला मंदिर में प्रवेश करती महामहिम राष्ट्रपति। साथ हैं राज्यपाल श्री एम.के. नारायणन।



प.बंग एवं पूर्वोत्तर के प्रान्तीय अध्यक्ष विजय गुजरवासिया व डॉ. श्याम सुन्दर हरलालका राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए।

दिल्ली के प्रान्तीय अध्यक्ष पन्नालाल बैद एवं सचिव पवन कुमार गोयनका का राष्ट्रपति से परिचय करवाते सम्मेलन सभापति।



बिहार के प्रान्तीय अध्यक्ष कमल नोपानी का अभिवादन स्वीकार करती महामहिम राष्ट्रपति।

कौस्तुभ जयन्ती समारोह की सचित्र झलकियां

प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ महामहिम राष्ट्रपति।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बद्रीप्रसाद भीमसरिया
महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश खण्डेलवाल
महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए।

महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए
सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद कंदोई।

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाठ
का महामहिम राष्ट्रपति से परिचय करवाते श्री रुँगटा।

उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव विजय केडिया
महामहिम राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए।

कौस्तुभ जयन्ती समारोह की सचित्र झलकियां

भारतीय डाक विभाग की ओर से राज्यपाल के हाथों विशेष पोस्टल कवर जारी करवाते पोस्ट मास्टर जनरल श्री शरित कुमार चक्रवर्ती।

प्रसन्नचित्त मुद्रा में सम्मेलन के सभापति नन्दलाल रुँगटा एवं पूर्व अध्यक्ष सीताराम शर्मा से रूबरू होतीं महामहिम राष्ट्रपति।

अध्यक्षीय सम्बोधन रखते हुए सम्मेलन सभापति नन्दलाल रुँगटा।

धन्यवाद ज्ञापन देते राष्ट्रीय महामंत्री रामअवतार पोद्दार।



कला मंदिर सभागार में समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति।

सम्मेलन के नये संरक्षक सदस्य

संरक्षक सदस्य संख्या–१३०
नाम : फलोर ब्रदर्स चेरिटेबल ट्रस्ट
प्रतिनिधि : श्री आर.एस. फलोर
कार्यालय का पता :
३ए, जी जी टावर, प्रथम तल्ला
हाडोज रोड, चेन्नई–६०० ००६
दूरभाष : ०४४–२८२७९४८९
फैक्स : ०४४–२२५००४२९
मोबाईल : ९४४४०२२२६९
ई–मेल : stanpencil@dataone.in

संरक्षक सदस्य संख्या–१३१
नाम : सरावगी उद्योग प्रा.लि.
प्रतिनिधि : श्री रमेश कुमार सरावगी
कार्यालय का पता :
२१, हेमन्त बसु सरणी, दूसरा तल्ला
रूम न. – २१२, कोलकाता–७००००१
दूरभाष : ०३३–२११३८७७९/८०/८१/८२
फैक्स : ०३३–२२४३५३३४
मोबाईल : ९८३००२६७८२
ई–मेल : saraogiudyog@eth.net
निवास का पता :
डी १–२०, साल्ट लेक सीटी, कोलकाता–९१



संरक्षक सदस्य संख्या–१३२
नाम : जुगल किशोर जीवनदास ककरानिया चेरिटेबल ट्रस्ट
प्रतिनिधि : श्री देवी प्रसाद ककरानिया
कार्यालय का पता :
१५६, महात्मा गांधी रोड, कोलकाता–७
दूरभाष : ०३३–२२६९६८४२
मोबाईल : ९८३०६३७५३२
निवास का पता :
६, क्वींस पार्क, फ्लैट–७ए, कोलकाता–१९

संरक्षक सदस्य संख्या–१३३
नाम : एभेल प्रिंटर्स प्रा.लि.
प्रतिनिधि : श्री महेश खण्डेलवाल
कार्यालय का पता :
४५बी, राजाराम मोहनराय सरणी
कोलकाता–९
दूरभाष : ०३३–२३५०६७९६
फैक्स : ०३३–२३६०९७४८
मोबाईल : ९८३०१७११०२
ई–मेल : availprint@gmail.com
निवास का पता :
फ्लैट–२ए एण्ड डी, ब्लाक–ई, श्याम लेट गार्डेन
२०२, जैशोर रोड, कोलकाता–८९

संरक्षक सदस्य संख्या–१३४
नाम : एलैस इण्टरप्राइजेज प्रा.लि.
प्रतिनिधि : श्री राजीव सराफ
कार्यालय का पता :
१२सी, लोर्ड सिन्हा रोड
ब्लाक–ए/बी, प्रथम तल्ला, कोलकाता–७१
दूरभाष : ०३३–२२८२३२१८/०३६४
फैक्स : ०३३–२२८२४६६३
मोबाईल : ९८३००४२९५८
ई–मेल : rajeevsaraff@yahoo.co.in
निवास का पता :
१४२/१, ब्लाक–जी, न्यू अलीपुर, कोलकाता–५३

संरक्षक सदस्य संख्या–१३५
नाम : लाखोटिया ट्रांसपोर्ट प्रा.लि.
प्रतिनिधि : श्री रमेश कुमार लाखोटिया
कार्यालय का पता :
२६, तारचन्द दत्ता स्ट्रीट
कोलकाता–७३
दूरभाष : ०३३–२२३५४८०२
फैक्स : ०३३–२२३५४९७८
मोबाईल : ९८३००५२४५५
ई–मेल : ltc55@vsnl.net.in

संरक्षक सदस्य संख्या–१३६
नाम : आधुनिक इनटेरियर
